# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

**Central Sanskrit University**

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

**भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग बागसेवनिया, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462043**

Bhopal Campus, Sanskrit Marg, Bagsewaniya, Bhopal - 462043

**No. एफ.4 (423)/के.सं.वि/भो.प/प्रशा/विविध-अ.सू.नी /2026** /218 **दिनांक**:- 16.05.2026

**No.** F. 4 (423)/CSU/BC/Admin/Misc-IRG/2026/ **Dated**: 16.05.2026

## अधिसूचना-2026/

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में विभिन्न सुविधाओं जैसे सभागार, सम्मेलन कक्ष, अतिथि गृह, मैदान (अतिथि निवास के समीप), मेस एवं कैंटीन आदि के उपयोगकर्ता शुल्क की समीक्षा/निर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 11.05.2026 को आयोजित की गई। समिति की अनुशंसाओं के निरंतर में भोपाल परिसर की विभिन्न सुविधाओं हेतु निम्नानुसार संशोधित शुल्क/किराया दरें अधिसूचित की जाती हैं, जो इस अधिसूचना की जारी होने की तिथि से प्रभावी होंगी:-

**1. मेस एवं कैंटीन हेतु मासिक किराया शुल्क:-**

| क्र.सं. | सुविधा | संशोधित शुल्क/ किराया |
|---|---|---|
| 01 | कैंटीन | ₹ 12,000/- प्रति माह |
| 02 | मेस | ₹ 36,000/- प्रति माह |

***उपरोक्त कैन्टीन एवं मेस के मासिक किराए में बढ़ोतरी आगामी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से की जाएगी।***

**2. भवभूति प्रेक्षागार (सभागार) की बुकिंग हेतु प्रतिदिन किराया शुल्क**

**(क) केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थानों द्वारा बुकिंग के लिए या केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थानों (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को छोड़कर) द्वारा वित्त पोषित शैक्षणिक कार्यक्रमों हेतु:-**

प्रति दिन बुकिंग शुल्क : ₹ 25,000/-

सुरक्षा जमा (वापसी योग्य) : ₹ 25,000/-

**(ख) बाहरी निजी एजेंसियों/निकायों/संगठनों/शैक्षणिक संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा बुकिंग के लिए:-**

प्रति दिन बुकिंग शुल्क : ₹ 30,000

सुरक्षा जमा (वापसी योग्य) : ₹ 30,000/-

**विशेष प्रावधान:-**

- यदि सभागार 2 या अधिक दिनों के लिए बुक किया जाता है तो 20% की छूट कुल बुकिंग शुल्क पर दी जाएगी।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के साथ संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए, **रुपये 10,000/- की राशि** सभागार के संचालन और रखरखाव लागत के रूप में लिया जाएगा।

दूरभाष/Telephone : 0755-2418043, ई-मेल/E-mail: director-bhopal@sanskrit.ac.in

3. सुदामा अतिथि गृह हेतु प्रतिदिन बुकिंग शुल्क/टैरीफ

(क) केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों (स्वयं/रक्त संबंधियों हेतु) द्वारा कमरे की बुकिंग के लिए शुल्क/ टैरीफ:-

| क्र.सं. | कक्ष का प्रकार | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | सामान्य रूम | ₹ 500/- प्रति दिन |
| 02 | सुइट रूम | ₹ 800/- प्रति दिन |

(ख) अन्य व्यक्तियों द्वारा बुकिंग के लिए शुल्क/ टैरीफ:-

| क्र.सं. | कक्ष का प्रकार | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | सामान्य रूम | ₹ 800/- प्रति दिन |
| 02 | सुइट रूम | ₹ 1200/- प्रति दिन |

4. परिसर के सम्मेलन कक्ष की बुकिंग हेतु प्रतिदिन किराया शुल्क:

(क) केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थानों द्वारा बुकिंग के लिए या केंद्रीय/राज्य सरकार के विभागों/स्वायत्त निकायों/संस्थानों (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को छोड़कर) द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रमों के लिए बुकिंग शुल्क:-

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | प्रति दिवस बुकिंग शुल्क | ₹ 5000 /- प्रति दिन |
| 02 | सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) | ₹ 5000/- |

(ख) बाहरी निजी एजेंसियों/निकायों/संगठनों/शैक्षणिक संस्थानों/व्यक्तियों के लिए बुकिंग शुल्क:-

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | प्रति दिवस बुकिंग शुल्क | ₹ 5000 /- प्रति दिन |
| 02 | सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) | ₹ 5000/- |

<u>विशेष प्रावधान:-</u>

- यदि सम्मेलन कक्ष 02 अथवा अधिक दिनों हेतु बुक किया जाता है, तो कुल बुकिंग शुल्क पर 20% की छूट देय होगी।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों हेतु ₹ 2,000/- संचालन एवं अनुरक्षण/रखरखाव शुल्क देय होगा।

दूरभाष/Telephone : 0755-2418043, ई-मेल/E-mail: director-bhopal@sanskrit.ac.in

5. **परिसर के मैदान (अतिथि निवास के समीप) एवं संपूर्ण अतिथि निवास को पारिवारिक [जन्मदिन/जनेऊ संस्कार/ नामकरण इत्यादि (विवाह कार्यक्रम को छोड़कर)] /सांस्कृतिक उद्देश्यों के लिए बुकिंग शुल्क:-**

**(क) केवल मल्टीपर्पस हाल (अतिथि निवास) की बुकिंग हेतु:-**

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | बुकिंग शुल्क | ₹ 5000 /- प्रति दिन |
| 02 | साफ-सफाई शुल्क | ₹ 500/- |
| 03 | सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) | ₹ 5000 /- |

**(ख) मैदान (अतिथि निवास के समीप) + मल्टीपर्पस हॉल (अतिथि निवास) + अतिथि निवास के समस्त कक्ष की बुकिंग हेतु:-**

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | बुकिंग शुल्क | ₹ 22,500 /- प्रति दिन |
| 02 | साफ-सफाई शुल्क | ₹ 2,000/- |
| 03 | सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) | ₹ 10,000 /- |

**(ग) मैदान (अतिथि निवास के समीप) की बुकिंग हेतु:-**

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | बुकिंग शुल्क | ₹ 15,000/- प्रति दिन |
| 02 | साफ-सफाई शुल्क | ₹ 1,000/- |
| 03 | सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) | ₹ 5,000 /- |

बिजली (जनरेटर), सुरक्षा इत्यादि की जिम्मेदारी पूर्णतः बुकिंग एजेंसी की होगी। पारिवारिक / सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए परिसर के मैदान/ अतिथि निवास/ मल्टीपर्पस हॉल का आवंटन और उपयोग निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा:-

- **अनुशासन और शिष्टाचार:-** कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा। परिसर के शैक्षणिक या प्रशासनिक कामकाज में बाधा, असुविधा या व्यवधान पैदा करने वाली गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- **शोर का स्तर:-** लाउडस्पीकर, डीजे या प्रवर्धित ध्वनि प्रणालियों के उपयोग के दौरान शोर का स्तर निर्धारित मानदंडों का पालन करना अनिवार्य है, और अनुमेय घंटों से परे तेज़ संगीत की सख्त मनाही है।
- **शराब और मांसाहारी भोजन का निषेध:-** परिसर के भीतर शराब, तंबाकू और मांसाहारी खाद्य पदार्थों का सेवन, परोसना या भंडारण करना सख्त निषिद्ध है।
- **उपयोगिताओं और सेवाओं के लिए जिम्मेदारी:-** बुकिंग करने वाला पक्ष बिजली, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान और कार्यक्रम के लिए आवश्यक सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था करने और लागत वहन करने के लिए पूरी तरह से स्वयं जिम्मेदार होगा।

- **स्वच्छता:-** कार्यक्रम समाप्ति के तुरंत बाद परिसर को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाना आवश्यक है। उत्पन्न किसी भी कचरे का उचित निपटान बुकिंग एजेंसी द्वारा किया जाएगा। स्वच्छता बनाए रखने में विफलता के परिणामस्वरूप जमा सुरक्षा राशि से आवश्यक कटौती की जा सकती है।
- **संपत्ति को नुकसान:-** कार्यक्रम के दौरान परिसर की संपत्ति, बुनियादी ढांचे, भूदृश्य या उपयोगिताओं को होने वाले किसी भी नुकसान का आकलन किया जाएगा और बुकिंग पार्टी से वसूला जाएगा। इस संबंध में परिसर निदेशक का निर्णय अंतिम होगा।
- **कानूनों और विनियमों का अनुपालन**:- बुकिंग एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि सभी लागू स्थानीय कानूनों, सुरक्षा नियमों और अनुमतियों आदि का अनुपालन किया जाए।
- **उप-किरायेदारी पर प्रतिबंध:-** आवंटित मैदान को किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य व्यक्ति या संगठन को उप-किराये पर नहीं दिया जाएगा या हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।
- **समय अनुसूची का पालन**:- बुकिंग एजेंसी को कार्यक्रम के लिए आवंटित अनुमोदित समय का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। बुकिंग किए हुए मैदान, मल्टीपर्पस हाल (अतिथि निवास) इत्यादि को निर्धारित आवंटित समयावधि के भीतर खाली कर देना अनिवार्य है।

**निरस्तीकरण का अधिकार**:- निदेशक, भोपाल परिसर किसी भी शर्त के उल्लंघन या प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण पूर्व सूचना के बिना किसी भी समय बुकिंग को रद्द करने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**(प्रो. हंसधर झा)/ (Prof. Hansdhar Jha)**
**(निदेशक)/ (Director)**

**प्रतिलिपि- सूचनार्थ**:-

1. माननीय कुलपति के निजी सचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
2. कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. सह-निदेशक, भोपाल परिसर
4. समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण, भोपाल परिसर
5. लेखा विभाग, भोपाल परिसर
6. प्रशासन विभाग, भोपाल परिसर – **परिसर में उपलब्ध सुविधाओं को इच्छुक/ संभावित संस्थानों/ संगठनों/ व्यक्तियों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु।**
7. केयरटेकर, भोपाल परिसर
8. तकनीकि सहायक, भोपाल परिसर – **अधिसूचना को परिसरीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु। परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के बारें में सोशल मीडिया एवं अन्य संचार माध्यमों से फोटोग्राफ/ डिजिटल पैम्पलेटों के माध्यम से प्रसारण हेतु।**

**(निदेशक)/ (Director)**

दूरभाष/Telephone : 0755-2418043, ई-मेल/E-mail: director-bhopal@sanskrit.ac.in